भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं. 366
19 अगस्त, 2025 को उत्तरार्थ

विषय: पेद्दापल्ली में पीएम-किसान योजना

***366. श्री वामसि कृष्णा गद्दामः**

क्या **कृषि और किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तेलंगाना के पेद्दापल्ली जिले में पीएम-किसान योजना के आरंभ से अब तक कितने किसान लाभान्वित हुए हैं और वर्ष-वार कुल कितनी वित्तीय सहायता अंतरित की गई है;

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि पीएम-किसान योजना के अंतर्गत वर्तमान 6,000 रुपए की वार्षिक सहायता उर्वरक, बीज और ईंधन जैसी कृषि आदान की बढ़ती लागतों को पूरा करने के लिए अपर्याप्त है;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार की पीएम-किसान योजना के अंतर्गत वित्तीय सहायता में वृद्धि करने की कोई योजना है; और

(घ) यदि हां, तो ऐसे संशोधन की समय-सीमा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री शिवराज सिंह चौहान)

(क) से (घ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

"पेद्दापल्ली में पीएम-किसान योजना" के संदर्भ में लोक सभा में दिनांक 19.08.2025 को उत्तरार्थ श्री वामसि कृष्णा गद्दाम द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 366 के भाग (क) से (घ) के संबंध में उललिखित विवरण ।

(क): पीएम-किसान योजना एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है जिसे माननीय प्रधानमंत्री द्वारा फरवरी 2019 में कृषि योग्य भूमिधारक किसानों की वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु प्रारंभ किया गया था। इस योजना के अंतर्गत, किसानों के आधार से जुड़े बैंक खातों में तीन समान किस्तों में प्रति वर्ष 6,000 रुपये का वित्तीय लाभ प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से सीधे अंतरित किया जाता है।

किसान-केंद्रित डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर ने यह सुनिश्चित किया है कि इस योजना का लाभ देश भर के सभी किसानों तक बिना किसी बिचौलिए की भागीदारी के पहुंचे । लाभार्थियों के पंजीकरण और सत्यापन में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखते हुए, 04.08.2025 तक, भारत सरकार ने योजना की शुरुआत से अब तक 20 किस्तों के माध्यम से अब तक रुपए 3.90 लाख करोड़ से अधिक की धनराशि वितरित की है।

दिनांक 04.08.2025 तक, तेलंगाना के पेद्दापल्ली जिले में लाभार्थियों का विवरण और पीएम-किसान के तहत विभिन्न किस्तों के माध्यम से उन्हें वितरित की गई राशि निम्नानुसार है:

किस्त	**लाभान्वित लाभार्थी**	**राशि (रुपये करोड़ में)**
पहली किस्त	43,993	8.80
दूसरी किस्त	64,289	15.23
तीसरी किस्त	73,901	16.47
चौथी किस्त	73,107	15.73
पाँचवीं किस्त	79,134	17.64
छठी किस्त	81,660	16.70
सातवीं किस्त	80,951	16.40
आठवीं किस्त	80,571	16.44
नौवीं किस्त	81,214	17.18
दसवीं किस्त	81,167	16.49
ग्यारहवीं किस्त	79,979	16.52
बारहवीं किस्त	71,178	14.39
तेरहवीं किस्त	67,009	14.13
चौदहवीं किस्त	68,695	14.77
पंद्रहवीं किस्त	69,294	14.88
सोलहवीं किस्त	72,060	17.23
सत्रहवीं किस्त	72,353	15.33
अठारहवीं किस्त	71,952	14.62
उन्नीसवीं किस्त	72,544	14.93
बीसवीं किस्त	71,566	14.46
कुल		48.79

(ख)**:** वर्तमान में, ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(ग)**:** प्रश्न नहीं उठता।

(घ)**:** प्रश्न नहीं उठता।

*****